GENERAL STUDIES HINDI

www.gshindi.com

Presents

GEOPGRAPHY OPTIONAL PAPER I

Topic - Population Geography

(जनसंख्या भूगोल)

Other products :

The HINDU Analysis

LSTV Summary, AIR Debates

8800141518

facebook.com/gsforhindi

प्रश्न संख्या (Question No.)

U.P.S.C.

इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)

जनसंख्या का वितरण।

- मानव भूगोल के तहत जनसंख्या भूगोल मे हम निम्न प्रश्नो और गुत्थियो को समझने की कोशिश करते है।

I. प्रथ्वी पर लोग कहाँ और क्यों रहते हैं।

II. दूसरा प्रश्न जो हम उत्तर देने की कोशिश करते है इसमें हम जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारक और किसी क्षेत्र विशेष मे लोगो के रहने के प्रभावित के लिए कौन से कारक जिम्मेदार हैं उसका उत्तर ढूंढने की कोशिश करते हैं।

III. जनसंख्या वृद्धि और वितरण की भविष्य मे क्या रहा होगी तथा इस पैटर्न के संभवत: का क्या प्रभाव देखने को मिलेगे जैसे - गरीबी, संसाधनो की माँग, टकराव व संघर्ष इत्यादि मानवीय कारणो को सम्बोधित करने की कोशिश करते हैं।

जनसंख्या वितरण

Anishome.

एकुमीन

2017 के मध्य तक 7.5 बिलियन की जनसंख्या है विश्व का.

→ 2017 के मध्य तक विश्व की जनसंख्या करीब 7.6 बिलियन के आस पास के है और यह 2050 तक करीब 9.9 बिलियन हो जायेगी। इस जनसंख्या का वितरण पुरे विश्व मे समरुप नही है। और एक अनुमान के मुताबिक विश्व की 90% जनसंख्या विश्व के केवल 10% भू-भाग पर ही निवास करती है और इनका प्रमुख संकेन्द्रण (con.) उष्णकटिबंधीय और शीतोष्ण कटिबंधीय इलाको मे है।

→ जनसंख्या वितरण को पहली बार अरिस्टोटल ने संबोधित किया और विश्व को दो भागो ecumene और non ecumene मे विभाजित किया। यह एक नियतवादी सिद्धांत है जिसमे

→ Determinism - नियतवादी

→ possiblism - संभववाद

प्राकृतिक और भौगोलिक पहलू जनसंख्या वितरण को नियंत्रीत करते है। परन्तु अभी

जनसंख्या वितरण = f (Physical, Nature)

के समय मे हम पृथ्वी को ecumene और non ecumene मे नही बल्कि prefreable और non prefreable (वरीयता और अवरीयता) भागो मे विभाजित करते है। इसके अनुसार मानव स्वयं निर्धारित करता है कि उसे किसी/किस भू-भाग पर अपना आवास बसाना।

जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाले कारक :

(factor determine distribution of population)

I. ऐतिहासिक/Historical - अप्रत्यक्षत: यह कारक कुछ हद तक भौगोलिक और प्राकृतिक कारको द्वारा निर्धारित होते है। इसके अनुसार कुछ क्षेत्र जहाँ जनसंख्या ज्यादा है वो इसलिए है कि उनके बसाव का इतिहास काफी लम्बा है।

जैसे - वॉगवोच (ह्वांग) सभ्यता, नील सभ्यता, गंगा नदी सभ्यता इत्यादी।

II. भौगोलिक और प्राकृतिक कारक - तापमान, आर्द्रता, वर्षा, प्रचलित पवने, परिवर्तता (Variability)

इत्यादी मानवीय क्रियाशीलता को नियंत्रीत करते है हटिंगटन के अनुसार मानसिक कार्य के लिए 3°-5° तथा शारिरीक श्रम के लिए 15°-20° तापमान सर्वोपरी अतः मानवीय घनत्व उच्चतम तापमान तथा निम्नतम तापमान मे काफी विरल होगा इसी मे अगर हम आस्ट्रेलिया के घनत्व की बात करे तो वहाँ का घनत्व प्रति व्यक्ति 1 वर्ग km है।

हटिंगटन अनुसार मानसिक, शारिरीक, लिए 15- तापमान:

II. भूविन्यास / स्थलाकृति (physiography) - स्थलाकृतियाँ भी मानव के वितरण को प्रभावित करती है और यह इन स्थानो पर होने वाले आर्थिक क्रियाकलापो जैसे - खेती, परिवहन, इत्यादि पर निर्भर करती है सबसे ज्यादा घनत्व मैदानी भागो, फिर पठारी भागो तथा पहाड़ो पर निम्न घनत्व पाया जाता है।

III. मिट्टी (soil) - मानव सभ्यता का इतिहास मिट्टी का इतिहास है इसको कहने मे कोई अतिशयोक्ति नही होगी क्योंकि जहाँ मिट्टी की उर्वरता / उपजाऊपन अधिक है वहाँ कृषि का विकास होगा और उससे मानवीय सम्पन्नता या संवृद्धि मे बढ़ावा होगा अगर हम विश्व का उदाहरण ले तो चीन का तटीय इलाके याँगतेज नदी (पीली नदी), ह्वांगो नदी, मिस्त्र मे नील नदी जहाँ पर जलोढ़ मिट्टी है वहाँ जनसंख्या वितरण अधिक है। अगर भारत का उदाहरण ले तो वो जनसंख्या घनत्व गंगा नदी तंत्र के किनारे तथा तटीय इलाको मे अधिक हैं। क्योंकि वहाँ अधिक उर्वरता वाली जलोढ़ मिट्टी है। पहाड़ी मिट्टी जो कश्मीर, हिमाचल उत्तराखण्ड, सिक्कीम, अरुणाचल प्रदेश इत्यादि

GENERAL STUDIES HINDI

में है वहाँ जनसंख्या घनत्व निम्न है। भारत का मध्यम भाग में पीली मिट्टी और लाल मिट्टी जिसकी उर्वरता मध्यम स्तर की है वहाँ घनत्व (जनसंख्या) भी मध्यम स्तर का है।

पहुँच

(iv). अभिगम्यता (Accessibility) – किसी भी स्थान की स्थिति तथा उसकी पहुँच, परिवहन की व्यवस्था तथा मार्केट तक उसकी पहुँच सुगम बनाती है और इसके कारण जनसंख्या का उस क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा संकेन्द्रण होने लगता है। उदाहरणार्थ विश्व के प्रमुख शहर जैसे - मुम्बई, चेन्नई, शंघाई इत्यादी तटीय इलाकों पर स्थित है जिससे इन शहरों से सामुद्रिक व्यापार आसानी से किया जा सकता है।

(v). मानवीय कारक –

⇒ आर्थिक क्रिया-जीवन की गुणवत्ता में सुधार तथा जीवन के लिए अपने विकल्पों के प्रसार के लिए भी मानव एक जगह से दूसरे जगह पलायन कर रहे है इसको हम शहरीकरण तथा विकासील देशों से विकसीत देशों की तरफ प्रवास की धारा से समझ सकते है। किसी क्षेत्र के सामाजिक वर्ग उसके रीति रिवाज, परम्पराये ; धार्मिक विश्वास इत्यादि जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाली महत्वपूर्ण कारक है। इसको हम निम्न उदाहरणो से समझ सकते है।

1. परिवार नियोजन व धार्मिक अवधारणाएँ - कुछ धर्म विशेष के लोग परिवार नियोजन में होने वाले कार्यक्रमो और प्रक्रियाओ को धर्म के विरुद्ध समझते है और इस कारण इन परिवार

प्रश्न संख्या
(Question No.)

U.P.S.C.

भारत मे 20% जनसंख्या वृद्धि का कारण IMR है।

नियोजन कार्यक्रमो के प्रति नकारात्मक मानसिकता है। इसका उदाहरण हम मुस्लिम बहुल देशो जैसे - साउदी अरबिया, इंडोनेशिया से समझा जा सकता है जहॉ जन्म दर अधिक है।

ii. बहुविवाह

iii. सामाजिक मान्यताएँ - भौतिकतावादी पाश्चात्य संस्कृति आर्थिक सम्पन्नता के लिए पलायन को प्रोत्साहित करती है जबकि रुढ़िवादी मान्यताऐं तथा संतोष की प्रकृति पलायन को हतोत्साहित करती है।

iv. राजनीतिक - सरकारो के परिवार नियोजन कार्यक्रम तथा विकास से संबंधित योजनाएँ इत्यादि भी वितरण को प्रभावित करती है। उदाहरणतः चीन ने "one child policy" के तहत जनसंख्या पर लगाम लगाया है और इसी कारण world population report, 2017 के अनुसार चीन जनसंख्या मामले मे 2024 तक भारत से पीछे हो जायेगा।

विश्व की 2/3 जनसंख्या A रतटों के 500 km के पास रहता है।

विश्व मे हो रहे विवादो और युद्धो के वजह से लोगो का पलायन हो रहा है और इन political Refugee के वजह से सीरिया अधिकतम जनसंख्या (की) यूरोप की तरफ प्रवास कर चुकी है।

v. जलवायु परिवर्तन - विश्व मे जलवायु परिवर्तन के वजह से climatic refugee प्रवास करेगे और इससे भी वितरण प्रभावित होगा।

vi. जनांकिकी / जनसांख्यिकि / Demography - किसी भी देश के क्षेत्र या धर्म से, जाति से, वर्ग से कितने लोग नयी पीढी मे जन्म लेगे यह इनकी जनसांख्यिकि अवस्था पर निर्भर करता है। जो देश

12th.
India Land and pepple, मानवीय भूगोल की

U.P.S.C.

प्रश्न संख्या (Question No.)

इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)

60% वृद्धि का भारत में आधार के कारण है।

जनांकीकि संक्रमण की (demography Trasition) विस्फोटक अवस्था से गुजर रहे है वहाँ जनसंख्या। वृद्धि का विस्तार अधिक होगा।

जनसंख्या वितरण का स्वरूप
pattern of population distribution

→ जनसंख्या विश्व मे संकेन्द्रण को हम प्राथमिक और द्वितीयक क्षेत्रो मे विभाजित कर सकते हैं। प्राथमिक क्षेत्रो मे जनसंख्या संकेन्द्रण बड़े भौगोलिक भूभाग पर होता है। मुख्यतः विश्व मे 5 (पाँच) ऐसे भूभागो का पता लगा सकते हैं।

I. पूर्वी एशिया - कोरिया, चीन, ताईवान और जापान मे विश्व की 25% निवास करती है और यह जनसंख्या मुख्यतः उन क्षेत्रो मे ज्यादा है जहाँ भौगोलिक और प्राकृतिक परिस्थितियाँ मानव के रहने के अनुकूल है। इस क्षेत्र मे सबसे ज्यादा जनसंख्या चीन है (मे) और world population report, 2017 के अनुसार चीन मे विश्व की 18.47% जनसंख्या निवास करती है। चीन मे इस जनसंख्या का वितरण असमान है और यह मुख्यतः तटीय इलाको और इसमे ~~इसमे~~ बसे हुए शहरो जैसे बिजिंग, शंघाई, मुकदान त्रिभुज मे अधिक है।



जबकि चीन का पश्चिमी

भाग काफी विरल है इन तटीय इकाको मे जनसंख्या घनत्व 1000 हजार व्यक्ति प्रति वर्ग Km है जबकि चीन का औसत घनत्व 147 प्रति वर्ग km है इन संमुद्र तटीय इकाको के अलावा जेचवान बेसिन, सीक्यांग बेसीन. यौगसिसीक्यांग बेसिन में है। चीन की 59% जनसंख्या शहरो मे निवास करती है। चीन मे इन जनसंख्या वितरण का प्रमुख कारण, निम्न दो कारणो के वजह से है।

जेचवान, सीक्यांग, यांगटिसीक्यांग बेसिन

I. चीनी सभ्यता का तथा जनसंख्या वृद्धि का लम्बा इतिहास

II. 18वी शताब्दी के बाद औद्योगिकरण का इससे स्वास्थ्य सेवाओ मे सकारात्मक प्रभाव

⇒ **जापान** – जापान की भौगोलिक स्थितियाँ मानव के रहने के लिए अनुकूल नही है फिर भी औद्योगिकरण तथा अन्य मानवीय कारको के वजह से जनसंख्या घनत्व अधिक है जापान मे विश्व की 1.68% जनसंख्या निवास करती है तथा 94.5% जनसंख्या शहरो मे निवास करती है जापानी जनसंख्या का मानव सूचकांक उच्च है तथा यह देश जनसांख्यिकी की चौथी अवस्था से गुजर रहा है जिसके वजह से जीवन प्रत्याशता अधिक है तथा जन्म दर बहुत ही कम इसके वजह से जापानी जनसंख्या का ह्रास होगा और world population report, 2065 के अनुसार इसकी जनसंख्या वर्तमान से 1/3 ही रह जायेगी।

IV. **दक्षिणी एशिया** – दक्षिणी एशिया मे W.P.R के अनुसार इन क्षेत्रो मे विश्व की 24.89% (1/4th) जनसंख्या निवास करती है। इन क्षेत्रो की जनसंख्या

मुख्यतः गाँवों में निवास करती है और जनसंख्या वृद्धि दर विकसित देशों के मुकाबले उच्च है मानवीय विकास सूचकांक में स्थिती अच्छी नही है तथा इन प्रदेशों की कुछ सामान्य समस्याएँ है जैसे - गरीबी, भुखमरी इत्यादि यह क्षेत्र मुख्यतः पुरुष प्रधान है तथा महिलाओं की स्थिती समाज में अच्छी नही है और उनका आर्थिक, सामाजिक और शैक्षणिक स्तर निम्न है इन क्षेत्रो की जनसंख्या जनांकिकीय संक्रमण की विस्फोटक की अवस्था से गुजर रही है तथा लगभग 50 प्रतिशत जनसंख्या युवा लोगो की है। इन क्षेत्रो की प्रजनन दर 2.1 से 5 के आसपास है तथा अधिकांश जनसंख्या पूर्व से पश्चिम गलियारे के बीच बसी हुई है और इनके बसने का भौगोलिक कारक है।

(ii) दक्षिणी पूर्वी एशिया - विकास के मामले में दक्षिणी पूर्वी एशिया पूर्व एशिया के समकक्ष है परन्तु दक्षिणी एशिया और पूर्वी एशिया से कुछ आधारभूत भिन्नता है। दक्षिणी एशिया तथा पूर्वी एशिया जहाँ अनुकूलतम भौतिकी है वही दक्षिणी पूर्वी एशिया में ~~विषुवत~~ रेखीय प्रकार की जलवायु पायी जाती है इस क्षेत्र में जनसंख्या वितरण औपनिवेशवाद के लम्बे इतिहास के वजह से है जहाँ बागानी कृषि (plantation agri) के लिए अफ्रीका, दक्षिणी एशिया से लोगो को बसाया गया (Indentured labour) औपनिवेशवाद के खत्म होने के बाद इस क्षेत्र में पूर्वी

एशिया तथा दक्षिणी पूर्वी एशिया से प्रवासीयो को आकर्षित किया और औद्योगिक विकास के वजह से भी जनसंख्या मे वृद्धि हुई है।

(iv) **पश्चिमी यूरोप :** पश्चिमी यूरोप मे विश्व की 2.55 % जनसंख्या निवास करती है और 80.2 % जनसंख्या शहरो मे निवास करती है इन क्षेत्रो मे जनसंख्या विस्तार का कारण ~~इतिहास~~ विकास का लम्बा इतिहास और औद्योगिकरण की वजह से जीवन स्तर मे सुधार है।

→ इसके अलावा खाद्य पदार्थों की उपलब्धता (Availability), गुणवत्ता तथा उसकी अपवहन की क्षमता (Affordability) तथा स्वास्थ्य सेवाओ मे सुधार तथा उसके वजह से मृत्यु दर मे कमी इत्यादि के वजह से भी इन क्षेत्रो मे जनसंख्या वृद्धि हुई है वर्तमान मे ये क्षेत्र नकारात्मक वृद्धि देख रहे है तथा ~~वर्ष~~ W.P.R, 2015 के अनुसार यहाँ प्रजनन दर 1.3 से 2050 तक 1.8 होगी फिर भी जनसंख्या वृद्धि का ह्रास नही रुकेगा।

→ यूरोप मे जनसंख्या का मुख्य विस्तार ग्रेट ब्रिटेन से वोल्गा नदी तक है जिसे यूरोप की कोयला पेटी के नाम से भी जाना जाता है सर्वाधिक संघनता 50° उत्तरी अक्षांश के आस पास है जिसे यूरोपीयन जनसंख्या की धुरी भी कहते है (Pivot of European population)

(v) **उत्तरी पूर्वी अमेरिका :** इस क्षेत्र की जनसंख्या की बहुलता और संघनता का कारण औपनिवेशिक इतिहास है जिसके कारण जनसंख्या वितरण

न्यू इंग्लैण्ड और उसके आस पास के क्षेत्रों मे सर्वाधिक है इन क्षेत्रों का इतिहास लम्बा नही है परन्तु मात्र 300 साल पुराना है इन क्षेत्रों का विकास और शहरीकरण अत्याधिक है परन्तु सघनता अन्य क्षेत्रों के मुकाबले कम है।



(Q) दक्षिणी महाद्वीपों मे जनसंख्या वितरण की समानता एवं उसके कारण पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए। [150 W, 12½ Marks]

(Q) सामाजिक और सांस्कृतिक कारण जनसंख्या वितरण को प्रभावित करने वाली मुख्य कारक है। टिप्पणी करें।

द्वितीयक क्षेत्र :

→ प्राथमिक संकेन्द्रण क्षेत्रों के अलावा विश्व मे द्वितीयक संकेन्द्रीत क्षेत्र है जिन्हे 'Knots & string' के संकेन्द्रण के रूप मे अध्ययन कर सकते है। ऐसे कुछ क्षेत्र है जैसे-

I. पश्चिमी अमेरिका मे कैलिफोर्निया तट के किनारे सैनफ्रांसिसीको, सैन्य डियागो, लॉस ऐंजल्स इत्यादि (हॉलीवुड के विख्यात)

II. लाप्लाटा तंत्र के किनारे पराना नदी का मैदानी भाग (अर्जेण्टाईना और उरुग्वे का आसपास क्षेत्र)

प्रश्न संख्या (Question No.)

U.P.S.C.



इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)

ii. नील नदी के किनारे और भूमध्य क्षेत्र

कुछ मुख्य शहर -

1. मैक्सिको, केपटाउन, डरबन, जोहांसबर्ग के आस पास भी जनसंख्या अधिक पायी जाती है।

(i) 'तृतीयक क्षेत्र - इन दोनों के अलावा विश्व में बहुत से ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ न्यूनतम जनसंख्या है। और यह मुख्यतः भौगोलिक कारकों द्वारा निर्धारित होते हैं।

जैसे - साइबेरिया, सहारा रेगिस्तान, टैगा क्षेत्र, आस्ट्रेलिया का रेगिस्तानी भाग, गोबी मरुस्थल, आमेजन जंगल, कालाहारी रेगिस्तान, अण्टार्कटिका, अण्टार्टिक इत्यादि

जनसंख्या वितरण को अध्ययन करने के लिए सूचकांक (Index to study population distribution

GENERAL STUDIES HINDI

→ जनसंख्या वितरण का अध्ययन दो कारणों से महत्वपूर्ण है।

I. यह समझने के लिए की लोगों का संकेन्द्रण कहाँ और क्यों है।

ii. किसी भी क्षेत्र विशेष पर जनसंख्या दबाव का अनुमान और उसकी सराहना

→ सामान्यतः जनसंख्या दबाव के लिए हम जनसंख्या घनत्व का अध्ययन करते हैं। यह घनत्व नम्बर /संख्या के मुकाबले अधिक सार्थक है और किसी क्षेत्र विशेष पर जनसंख्या दबाव को प्रदर्शित करता है यह घनत्व निम्न आधारों के आधार पर अध्ययन किया जा सकता है।

i. अंकगणितीय घनत्व (Arithmatic density) - यह प्रदेश की कुल जनसंख्या तथा प्रदेश के कुल क्षेत्रफल का अनुपात है।

इसके पक्ष के कुछ निम्न बिन्दु:

→ इसकी गणना करना सरल है ~~इसके लिए~~
→ इसके लिए आँकड़े आसानी से उपलब्ध है

इसे विपक्ष मे बिन्दु:

→ इसकी गणना करते समय हम अनविहिन भूभागो को भी शामिल कर लेते है। वसे हुए क्षेत्रो का घनत्व वास्तविकता से कम आता है। जैसे - चीन के पूर्वी भाग का घनत्व 1000 व्यक्ति प्रति वर्ग km है परन्तु चीन का औसत घनत्व लगभग 147 व्यक्ति प्रति वर्ग km है।

ii. कार्यिक घनत्व (physiological density) - यह प्रदेश की कुल जनसंख्या तथा कृषि योग्य भूमि का अनुपात है।

$$\frac{\text{Total population}}{\text{Agricultural land}}$$

→ यह घनत्व अंकगणितीय घनत्व से ज्यादा सार्थक पैमाना है और वास्तविक मे भूभाग जनसंख्या के दबाव को प्रदर्शित करता है

→ यदि हम भारत और चीन की बात करे तो

इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)

वर्तमान मे चीन की जनसंख्या भारत से अधिक है और भारत 2024 मे चीन को जनसंख्या मामले मे पिछे छोड़ देगा परन्तु फिर भी यदि हम भारत और चीन के कायिक घनत्व की तुलना करे तो भारत बेहतर स्थिती मे होगा क्योंकि भारत के पास करीब 147 मिलीयन हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि है जबकि चीन के पास 90 मिलियन हेक्टेयर इसके अलावा चीन की अधिकांश जनसंख्या पूर्वी भागों तक ही सिमित है।

→ भारत मे 147 m.h भूमि (कृषि)

यद्यपि कायिक घनत्व जनसंख्या दबाव को पैमानित करने का अच्छा तरिका है परन्तु किसी भी भूभाग के लिए संसाधन केवल कृषि नही है। और ये भी महत्वपूर्ण है कि

	AD	PD
मिस्त्र	70	35000
अमेरिका	36	78

भारत - 382 (AD)

किसी भूभाग का निष्पक्ष मूल्यांकन करने के लिए अन्य संसाधनो जैसे ऊर्जा, खनिज, रोजगार इत्यादि को भी संज्ञान मे लिया जाना चाहिए। यह पैमाना कृषि पर आधारित प्रदेशो के लिए सही है परन्तु द्वितीयक और तृतीयक उद्योगो पर आधारित देशो के लिए नही।

(ii). कृषि घनत्व (Agricultural density) –

$$\frac{\text{कृषि पर आधारित जनसंख्या}}{\text{प्रदेश की कृषि योग्य भूमि}}$$

यह कायिक घनत्व का परिष्कृत रूप है जो कुल कृषि योग्य भूमि और कृषि पर आधारित जनसंख्या के परस्परिक संबंध को प्रकट करता है।

iv. आर्थिक घनत्व (economic density) - इसके अंतर्गत वो सम्पूर्ण तथ्य शामिल होते हैं जो मनुष्य की जीविका तथा भरण पोषण के लिए प्रत्यक्षता या परोक्ष रूप से सहायक होते हैं यह प्रदेश की कुल जनसंख्या और देश के सम्पूर्ण संसाधनो का मूल्य जो एक एकल इकाई के रूप मे होता है उसका अनुपात है।

कुल जनसंख्या
देश के संपूर्ण संसाधनो का

सिद्धांतत यह सर्वाधिक उपयोगी तथा सार्थक है परन्तु देश के सम्पूर्ण का मूल्य एकल इकाई के रूप मे मुश्किल है अतः आर्थिक घनत्व का विकास विफल रहा है।

जब भी घनत्व की बात करे तो अंकगणितीय घनत्व की बात करते है

जनसंख्या घनत्व का विश्व वितरण

I. उच्च घनत्व वाले क्षेत्र - i. दक्षिणी एवं पूर्वी एशिया - भारत इसमे, जापान, तटीय चीन, बांग्लादेश, पाकिस्तान इत्यादि

II. उत्तरी पश्चिमी यूरोप - मुख्यतः जनसंख्या घनत्व यूरोप की कोयला पट्टी जो 50° उत्तरी अक्षांश के आस पास है वहाँ ज्यादा है इसमे शामिल है ग्रेट ब्रिटेन, बेल्जियम, हालैंड, फ्रांस, जर्मनी, आस्ट्रिया. इत्यादि।

III. उत्तर-पूर्वी अमेरिका - यहाँ जनसंख्या घनत्व 300 व्यक्ति प्रति वर्ग km है इसमे शामिल कुछ राज्य है जैसे - न्यू इंग्लैंड, न्यू जर्सी, मैसाचुसेट्स, रोहोड आइलैंड

GENERAL STUDIES HINDI

बार्सिलोना - स्पेन

U.P.S.C.

प्रश्न संख्या (Question No.)

इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)



प्रोफेसर नर्स जी की जनसंख्या नियोजन को नरम पड़ रखता है जबकि थ्यूरस कोंडम लगाने से परहेज रखता है तथा धर्म का निरपेक्ष समझता है।

II. मध्यम घनत्व वाले क्षेत्र - यह भू-भाग अधिक घनत्व वाले क्षेत्रों की परिधि में तथा कुछ बिखरे हुए क्षेत्रों में मिलते हैं इसके उदाहरण हैं म्यांमार, लाओस, कम्बोडिया, पश्चिमी एशिया में टर्की, ईरान, इराक इत्यादि

यूरोप में - स्पेन, युक्रेन, युगोस्लाविया इत्यादि

28 April 1991 को विघटन हो गया। आस्ट्रिया, ग्रीस के बीच में था

U.S.A में - कपास तथा मक्का पेटी बैल्ट

अफ्रीका में - घाना, नाईजीरिया, मिस्र, दक्षिणी अफ्रीका इत्यादि

III. निम्न घनत्व वाले क्षेत्र - इन क्षेत्रों में जीवन यापन के साधन सिमित हैं मुख्यतः जीवन यापन के लिए अस्थायी कृषि, आखेट इत्यादि प्रचलित हैं

उदाहरण -

पूर्वी अफ्रीका, उत्तर पश्चिमी, मध्य और पश्चिमी कनाडा, दक्षिण अमेरिका, आस्ट्रेलिया का मर्रे और डार्लिंग बेसिन

IV. अति निम्न क्षेत्र - साइबेरिया, सहारा, अटाकामा, आस्ट्रेलिया के रेगिस्तान, गोबी, कालाहारी, पेटागोनिया (द० अमेरिका) इत्यादि

जनसंख्या वृद्धि / population growth

→ जनसंख्या वृद्धि जनसंख्या भूगोल का एक अति महत्वपूर्ण अंग है और इनपुट है जनसंख्या वितरण को समझने और मानव से संबंधित सभी समस्याओ जैसे गरीबी, पर्यावरणीय समस्याएँ, पानी की उपलब्धता, प्रदूषण, मानव विकास सूचकांक इत्यादि को समझने और उनका अध्ययन करने के लिए।

जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्ति :

– जनसंख्या वृद्धि का सामयिक और स्थानिक (Temporal & spatial) आधारो पर अध्ययन कर सकते है। सामयिक आधार जनसंख्या वृद्धि मे होने वाली गतिशीलता को प्रकट करता है। स्थानिक मे हम जनसंख्या वितरण के वर्तमान स्वरूप का अध्ययन करते है।

सामयिक जनसंख्या वृद्धि :

– मानव की उत्पत्ति के बाद से भी जनसंख्या मे वृद्धि इतनी अधिक नही रही है और मुख्यतः यह वृद्धि अभी के 200 से 300 सालो मे हुई है जनसंख्या वृद्धि का प्रथम चरण औद्योगिकरण था इसके वजह से तकनिक व प्रौद्योगिकीयो का विकास हुआ उत्पादन के बेहतर तंत्र विकसित हुये जिसके वजह से मानव ने खाद्यान का उच्च उत्पादन करना चालू किया और इससे उसमे भुखमरी, अकाल, गरीबी इत्यादि

समस्याओं पर काबू पा लिया

वर्ष	जनसंख्या	दुगुना होने का समय (doubling time)
8000— 12000 B.C	8 million	1500
1 A.D	below 300 million	200
1650	500 million	80
1850	1 B	45
1930	2 B	42
1975	4 B	
2017	7.6 B	



सामयिक कर्व (graph)

को हम J Curve द्वारा दर्शाते हैं।

GENERAL STUDIES HINDI

(Q) जनसंख्या वितरण एक गतिशील अवधारणा है चर्चा करें। [150 word]

Population distribution is a dynamic concept comment.

→ जनसंख्या वितरण निम्न तथ्यों के आधार पर करते हैं।

1. जलवायु संबंधी तथा मानव द्वारा पर्यावरण को अनुकूल परिस्थितियाँ बनाना।

→ कृषि संभावनाओं के क्षेत्रों का विवरण।

→ किन-किन क्षेत्रों में कितना जनसंख्या है।

→ जिसको उच्च घनत्व, निम्न घनत्व, मध्यम घनत्व तथा अति निम्न घनत्व के बारे में।

→ मृत्यु दर, जन्म दर | जनसंख्या वृद्धि

→ राजनीतिक कारण | घनत्व नम्बर

→

संक्षिप्त में

→ जनसंख्या वितरण नियतिवाद ने प्राकृतिक और भौगोलिक पहलू के द्वारा तथा संभववाद ने मनुष्य स्वयं निर्धारित करता है, बताया।।

→ जनसंख्या प्रभावित करने वाले कारक

I. ऐतिहासिक   II. भौगोलिक और प्राकृतिक कारक

III. स्थलाकृति   IV. मिट्टी

IV. अभिगम्यता   VI. मानव कारक → आर्थिक क्रिया, → बहु विवाह, → सामाजिक मान्यताएँ

VII. राजनीतिक   VIII. जलवायु परिवर्तन

IX. जनांकिकी (demography)

→ जनसंख्या वितरण का स्वरूप

प्राथमिक क्षेत्र — I. पूर्वी एशिया (चीन, जापान)   II. दक्षिणी एशिया (भारत, बांग्लादेश, पाकि०)

III. द० पूर्व एशिया (कम्बोडिया, इण्डोनेशिया)   IV. पश्चिम यूरोप (50° उत्तरी अक्षांश) (ब्रिटेन

V. उत्तर पूर्वी अमेरिका (न्यू इंग्लैण्ड, न्यूजर्सी).

द्वितीयक क्षेत्र → Knots & string की तरह जनसंख्या संकेन्द्रण होता है। (द० अमेरिका, प्रान। नदी)

→ नील नदी के क्षेत्र

तृतीयक क्षेत्र → साइबेरिया, अटाकामा, मरुस्थलीय भाग

→ जनसंख्या घनत्व द्वारा वितरण (जनसंख्या)
i. अंकगणितीय घनत्व ii. कायिक घनत्व
iii. कृषि घनत्व iv. आर्थिक घनत्व

→ जनसंख्या घनत्व का विश्व वितरण
I. उच्च घनत्व वाले क्षेत्र - 30-40 यूरोप, 30 पू० अमेरिका
II. मध्यम घनत्व वाले क्षेत्र - अधिक घनत्व के परिधी तथा अन्य क्षेत्र (स्पेन, ब्राजील)
III. निम्न घनत्व वाले क्षेत्र - अस्थायी कृषि तथा आखेट पूर्वी अफ्रीका, द० अमेरिका
IV अति निम्न घनत्व वाले क्षेत्र - साइबेरिया, आस्ट्रेलिया के क्षेत्र

→ जनसंख्या वृद्धि की प्रवृत्ति का अध्ययन
I सामयिक (Temporal) II स्थानिक (Spatial)

जनसंख्या वृद्धि की वर्तमान प्रवृत्ति

	1985	2010	2017
Asia	65.44	63.96	59.59 (60)
Africa	12.39	16.01	16.59 (17)
Europe	15.94	11.28	9.94
N.A	6.01	5.28	4.83
L.A	9.14	9.19	8.62

→ W.P.R. 2017 के अनुसार विश्व की जनसंख्या 2017 तक 7.6 बिलियन पहुँच चुकी है और वर्तमान विश्व की वृद्धि दर 1.01% प्रति वर्ष है जो 10 वर्ष पहले 1.24% प्रति वर्ष थी

→ वर्तमान वृद्धि दर से विश्व करीब हर वर्ष 83 मिलियन

1 million = 10 Lakh
1 billion = 100 crore

प्रश्न संख्या (Question No.)

U.P.S.C.

इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)

जनसंख्या की वृद्धि करेगा और आने वाले 13 सालों मे 1 बिलियन लोगो की वृद्धि होगी 2050 तक यह जनसंख्या 9.8 बिलियन होगी और 21वी शताब्दी यह जनसंख्या 11.2 बिलियन होगी।

→ 2050 तक जो 2.2 बिलियन लोग बढ़ेंगे उसमे अफ्रिका का योगदान करीब 1.3 बिलियन होगा एशिया करीब 750 मिलियन लोगो की वृद्धि करेगा।

→ भविष्य मे उत्तरी अमेरिका अपने जनसंख्या नियमन की नीतियो की वजह से अपनी जनसंख्या को स्थिर ही रखेगा जबकि अगर हम लैटिन अमेरिका की बात करे जो दक्षिणी गोलार्द्ध मे होने के बावजूद मानवीय सूचकांको को बेहतर रख पाया है उसमे जनसंख्या प्रवास के ज्यादा अवसर होने के वजह से जनसंख्या वृद्धि इतनी ज्यादा नही होगी। और अनुमानत या तो स्थिर रहेगी या उसमे ह्रास देखा जायेगा।

→ यूरोप की अगर हम बात करे जहाँ वृद्ध लोगो की जनसंख्या ज्यादा है तथा जन्मता दर (Fertility Rate) कम है वहाँ भी जनसंख्या का ह्रास होगा।

→ विश्व मे जनसंख्या दर की वृद्धता:

a. विश्व मे सबसे ज्यादा जनसंख्या वृद्धि सबसे ज्यादा अफ्रीका, एशिया, लैटिन अमेरिका, उत्तरी अमेरिका, ओसियाना (Australia) तथा यूरोप होगी।

b. विश्व मे जनसंख्या वृद्धि दर मे लगातार गिरावट होगी तथा 2010-15 जो अफ्रिका

GENERAL STUDIES HINDI

के वृद्धि दर 2.6 % प्रति वर्ष थी जो 2045-50 तक 1.8 और 2095-2100 मे 0.66 होने की संभावना है।

C. अफ्रीका मे इस वृद्धि दर कमी के बावजूद जनसंख्या मे वृद्धि होगी इसका प्रमुख कारण आयु संरचना है जिसमे युवाओ की संख्या ज्यादा होगी

D. विश्व के 47 अल्पविकसीत देशो मे (Least d.Co) जनसंख्या वृद्धि उच्च होगी क्योंकि वो जनांकिकी की पहली और दूसरी संक्रमण अवस्था मे है यद्यपि अल्प विकसीत देशो की जनसंख्या वृद्धि जो अभी 2.4 % प्रति वर्ष है उसमे कमी आयेगी परन्तु 2017 से 2050 तक इनकी संख्या मे दुगुना से भी ज्यादा वृद्धि होने की संभावना है।

E. विश्व मे 51 ऐसे देश है जिनकी 2017 से 2050 तक के बीच जनसंख्या मे ह्रास होगा और यह ह्रास 15% तक हो सकता है। उन देशो मे लिथुआनिया, हालैण्ड, सर्बिया, यूक्रेन इत्यादि देश है।

GENERAL STUDIES HINDI

F. यूरोप के देशो मे प्रजननता दर अभी 1.6 जन्म प्रति महिला है जो 2045-50 तक 1.8 जन्म प्रति महिला होने की संभावना है। परन्तु इससे भी जनसंख्या का संकुचन नही रुकेगा।

G. 2017-50 के बीच विश्व मे 50% से अधिक वृद्धि केवल 9 देशो मे ही संकेन्द्रीत होगी - भारत नाईजिरिया, कांगो, पाकिस्तान इथोपिया, तंजानिया, युगाण्डा, इण्डोनेशिया और US

⇒ प्रजननता और इसको प्रभावित करने वाले कारक

प्रजननता – एक निश्चित समय अवधी में किसी स्त्री या स्त्री समूह द्वारा प्रदत्त सजीव जन्मो की वास्तविक संख्या प्रजननता (Fecundity) कहलाती है जबकि किसी स्त्री की उसकी सम्पूर्ण प्रजनन अवधी में उसका प्रजनन सामर्थ्य प्रजनन क्षमता (Facundity) कहलाता है।

प्रजननता के निर्धारक :

→ जैविक (Biological)
→ जनसांख्यिकी
→ सामाजिक / सांस्कृतिक

1) जैविक –

I. प्रजाति – प्रजननता का कठिन मापक है परन्तु कुछ शोध करताओ के अनुसार आस्ट्रोयड, मंगोलायड इत्यादि जो मानव प्रजाति हैं उनकी जननता में अंतर पायी जाती है।

II. प्रजनन क्षमता और पुरुषो की संतानोत्पत्ति क्षमता पर –

III. स्वास्थ्य

→ मृत्यु दर – शिशु मृत्यु दर होने (अधिक) से लोगो की मानसिकता ज्यादा बच्चे जन्म देने की होती है ताकि ज्यादा बच्चे जीवित रह सके। Ex – भारत जहाँ 20 % जनसंख्या वृद्धि मृत्यु दर के कारण योगदान है। (IMR)

→ जीवन प्रत्याशा → छोटा परिवार → समृद्धि और इस आशा में कम प्रजननता

(2) जनसांख्यिकी

I. युवा - जिस देश मे पुर्नउत्पादन वायु मे (15-44) लोगो का अनुपात ज्यादा है वहाँ पर जनसंख्या वृद्धि आधार (Base) के कारण ज्यादा होगी भारत की जनसंख्या मे 60% वृद्धि इसी कारण है।

II. वैवाहिक स्तर तथा वैवाहिक अवधी - '

31.5% नगरीकरण भारत मे

III. नगरिकरण - शहरीकरण या नगरीकरण की वजह से लोगो की सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियाँ सुधरेगी तथा लोग अपने परिवार को सिमित रखने की कोशिश करेगे ताकि वो अपने सीमित संसाधनो का उपयोग जीवन स्तर को सुधारने, मनोरंजन के आयामो को विस्तृत करने आदि पर कर सके। इसमे एक तथ्य यह भी है कि प्रवास मुख्यतः लिंग प्ररख होता है जिसमे पुरुष रोजगार के लिए शहरो की तरफ प्रवास करते है।

IV. शिक्षा - भारतीय जनसांख्यिकी संस्थान के 1961 आँकड़ो के मुताबिक महिला शिक्षा और प्रजनता मे निम्न संबंध पाया जाता है।

कक्षा शिक्षा	प्रजननता
12th	2
10th	4.6
8th	5
5th	6

BMW - अत्तरी इटली केडउसी

V. स्त्रियो की क्रियाशीलता - स्त्रियो की क्रियाशीलता भी प्रजननता से संबंध रखती है जहाँ महिलाओ की क्रियाशीलता ज्यादा होगी वहाँ अर्थव्यवस्था मे भागीदारी ज्यादा होगी और यह भागीदारी महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देगी

जिसके वजह से महिलायें अपने जीवन से संबंधित स्वतंत्र निर्णय ले सकेगी और यह प्रजननता को कम करने मे सहायक होता है। जेडरिसी के अनुसार दक्षिणी इटली जो अभी भी प्राथमिक उद्योगो मे समन्वय है और जहाँ ग्रामीण लोगो की प्रतिशत ज्यादा है वहाँ उत्तरी इटली (जहाँ नगरीकरण ज्यादा है) के मुकाबले प्रजननता अधिक है क्योंकि शहरो मे महिला क्रियाशीलता का प्रतिशत ज्यादा होता है।

(3) सामाजिक और सांस्कृतिक कारक -

I. संतान इच्छा -

II. बाल विवाह

III. महिला सशक्तिकरण -

(4) सरकारी नीतियाँ - सरकार जनसंख्या नियोजन के लिए अपने प्रदेश मे अनुकूलतम जनसंख्या के लिए प्रजनता को प्रोत्साहन दे सकती है उदाहरणात रूसीया (जहाँ 1 बच्चे से अधिक होने पर सरकार पुरस्कृत करती है)

(5) धार्मिक मान्यताएँ - परिवार नियोजन के प्रति धार्मिक दृष्टिकोण प्रजननता को बढ़ावा दे सकता है। जैसे ईसाई धर्म कैथोलिक समुदाय परिवार नियोजन के प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण रखता है अतः इनमे जनसंख्या वृद्धि दर उच्च है और इसका निष्कर्ष हम दक्षिणी यूरोप की आबादी से भी निकाल सकते है इसके विपरित प्रोटेस्टेंट समुदाय परिवार नियोजन के प्रति नरम दृष्टिकोण रखता है। अतः इनमे जनसंख्या वृद्धि दर निम्न है।

(0) प्रजननता को जनसांख्यिकी कैसे प्रभावित करती है [150 शब्द]

जनसंख्या सिद्धांत (Theories)

→ जनसंख्या की समस्या कोई नवीन समस्या नहीं है और मानव सभ्यता विकास के साथ ही कई जनसांख्यिकी समस्याओं का सामना कर रही है माल्थस प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने वैज्ञानिक तौर पर जनसंख्या वृद्धि का प्रथम सिद्धांत प्रतिपादित किया था उनके पूर्ववर्ती विचारों में पुत्र प्राप्ति का लालसा पर बल था क्योंकि तत्कालिन राज्य अन्य राज्यों पर युद्ध के लिए तत्पर रहते थे और उसके लिए अधिक पुरुषों की आवश्यकता होती थी।

→ माल्थस प्रथम व्यक्ति थे जिन्होंने वैज्ञानिक तौर पर जनसंख्या वृद्धि का प्रथम सिद्धांत प्रतिपादित किया।

प्राचीन विचार जनसंख्या वृद्धि को राष्ट्र हित में मानते थे रोमन तथा यूनान में जनसंख्या नियंत्रण पर प्रथमतः बात की गई जहाँ प्लूटो, अरिस्टोटल, मस्तु ने जनसंख्या वृद्धि के साथ सीमित भूमि पर अधिक जनभार हो जाने पर उसे रोकने के लिए राज्य को चेताया तथा इसके नियंत्रण के लिए उपाय भी सुझाया मध्यकालिन ईसाई समुदाय जनसंख्या को नीति (Morality) का विषय मानते थे और जनसंख्या नियमन के लिए अपनायें गये कृत्रिम साधनों जैसे- काम हत्या, गर्भपात आदि को अनैतिक और पाप मानते थे।

→ प्लूटो, अरिस्टोटल, अरस्तु ने (रोमन, यूनान) में जनसंख्या के भार के लिए राज्य को इसके संबंध के बारे में बताया।

→ मध्यकालिन ईसाई समुदाय जनसंख्या को नीति (Morality) का विषय मानते थे।

→ इसके बाद वाणिकवादी (Mercantalism) विचारकों ने जनसंख्या के गुणात्मक (Quantitative) एवं परिणात्मक (Qualitative) दोनों पक्षों पर ध्यान दिया।

→ जनसंख्या वृद्धि आवश्यक है क्योंकि इससे एक

प्रश्न संख्या (Question No.)

U.P.S.C.

इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)

और श्रम शक्ति बढ़ेगी और उत्पादन में वृद्धि होगी तथा दूसरी ओर सैन्य शक्ति बढ़ेगी जिससे राज्य शक्तिशाली होगा।

जनसंख्या → सस्ते श्रमिक → उत्पादन लागत ↓

↓

समृद्धि/सम्पन्नता ← आयात ↓ ← निर्यात ↑

माल्थस का जनसंख्या विचार/सिद्धांत

→ माल्थस के विचारों की पृष्ठ भूमि तथा उसके उत्पत्ति को हम तत्कालिन यूरोप की सामाजिक और आर्थिक परिस्थितियों से समझ सकते है जहाँ निरंतरता औद्योगिकरण तथा नगरिकरण के लाभों के संबंध में संदेह उत्पन्न हो रहा था और इस संदर्भ में माल्थस ने अपना विचार रखा।

खाद्यानो का मूल्य निरंतर बढ़ने लगा था और बेरोजगारी, निर्धनता, महामारी आदि फैलने लगी थी औद्योगिकरण के बाद का युग कुछ समय के लिए सम्पन्नता और समृद्धि लेके आया था परन्तु जीवन स्तर में सुधार और जीवन प्रणाली में सुधार ज्यादा समय तक नही टिक पाया।

→ नियतवादी
→ आशावादी/निराशावादी
→

→ माल्थस ने संख्या का प्रथम वैज्ञानिक सिद्धांत अपने निबंध An essay on the principal of population (जनसंख्या सिद्धांत पर एक निबंध) में दिया था माल्थस एक अर्थशास्त्री थे जो जनसांख्यिकी (demographer) में रूपांतरित हो गया उन्होने ब्रिटेन के अनुभवो के आधार पर जनसंख्या का एक सामान्यीकृत (Generalation) सिद्धांत प्रस्तुत किया

→ यह सिद्धांत मानव-पर्यावरण संबंधो पर एक निराशावादी सिद्धांत है जिसमे माल्थस के अनुसार समाज

Assum

प्रश्न संख्या (Question No.)

U.P.S.C.

इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)

और जनसंख्या निश्चित तौर पर अपनी मॉंग और आशा के (demand & expection) भार मे दब जायेगी यह जनसंख्या को समझने और उसकी वृद्धि का अनुमान लगाने की एक पारिस्थितिकी अप्रोच (approach) है उनका दृष्टिकोण मानवतावादी था और उनकी सोच मानव कल्याण से प्रेरित थी।

(Assum)

माल्थस के मान्यतायें — माल्थस के अनुसार मनुष्य एक अक्रिय (passive) पराधीन जीव है जो प्राकृतिक, जैविक क्रियाओ (Natural Biological instincts) के भार तले दबे रहता है।

→ उसके अनुसार मनुष्य मे काम वासना स्थिर रहती है जिसके परिणामस्वरूप संतान उत्पत्ति की इच्छा भी स्वभाविक रहती है।

→ मनुष्य के लिए खाना जीवित रहने के लिए आवश्यक है और उसके लिए खाद्यान्न की आपूर्ति कृषि पर निर्भर है परन्तु कृषि मे उत्पत्ति ह्रास नियम (Law of diminishing Return) क्रियाशील होता है। तथा खाद्यानों मे वृद्धि अंकगणितीय दर से होती है।

GENERAL STUDIES HINDI

→ आर्थिक समृद्धि और संतानोत्पत्ति मे सीधा संबंध होता है

→ प्रथम दो नियम एक दूसरे के बिल्कुल विरोधी है जहाँ मनुष्य एक समय पर किसी एक क्रिया मे संलग्न रह सकता है।

जनसंख्या वृद्धि और खाद्य आपूर्ति मे असंतुलन

(क) जनसंख्या मे गुणोत्तर वृद्धि

(ख) खाद्य पदार्थों मे अंकगणितीय समानांतर वृद्धि

(क) (ख)

→ जनसंख्या वृद्धि और खाद्य आपूर्ति मे असंतुलन और उसके लिए क्रियाशील तत्व / नियंत्रक

प्राकृतिक नियंत्रक / +ve check / miseries (कष्ट) — अकाल, भुखमरी, महामारी जैसी आपदाएँ

कृत्रिम प्रतिबंधक, नियंत्रक ब्रह्मचर्य, आत्म संयम — (−)ve check

↓

जनसंख्या वृद्धि और खाद्यान्न मे संतुलन

↑ माल्थस

Note → प्राकृतिक की खाने की मेज सिमित अतिथियो के लिए है अतः बिना नियंत्रण के आने वाले को आवश्य ही भूखो मरना होगा।

सिद्धांत का विश्लेषण :

(माल्थस के अनुसार जनसंख्या 25 वर्षों मे दुगुनी हो जाती है।)

→ माल्थस के अनुसार जनसंख्या 25 वर्षों मे दुगुनी हो जाती परन्तु अगर हम विश्व के जनसंख्या वितरण को औद्योगिकरण के बाद देखे तो 18वी शताब्दी के बाद हमारी जनसंख्या को 80 वर्ष लगे है दुगुना होने मे।

1850 – 1 B
1930 – 2 B
1975 – 4 B

→ माल्थस की जैविक मान्यताओ पर भी प्रश्न चिह्न है माल्थस ने संतान उत्पत्ती को मनुष्य की जैविक इच्छा बताया है और इसे स्वभाविक बताया है जबकि मनुष्य मे संतानोत्पत्ती की इच्छा सामाजिक कारणो द्वारा प्रेरित होती है और इसका प्रत्यक्ष उदाहरण हम भारतीय समाज

मे पुत्र प्राप्ती की लालसा मे देख सकते है।

→ मनुष्य मे काम वासना स्थिर नही है जैसे-जैसे जीवन स्तर का उत्थान होता है जीवन प्रणाली मे सुधार आता है उसके साथ-साथ काम वासना तथा संतानोत्पत्ति की इच्छा भी खत्म हो जाती है।

माल्थस एक पादरी था

→ माल्थस के अनुसार मनुष्य हमेशा कामवासना और खाने मे ही संलग्न रहता है परन्तु वो यह भूल गया था कि मनुष्य एक जानवर नही है बल्कि एक बौद्धिक प्राणी है जो रचनात्मक कार्यो मे भी संलग्न रह सकता है।

1963 मे सबसे अधिक

→ माल्थस के अनुसार कृषि मे खाद्यानो की वृद्धि दर समानांतर होगी और कृषि मे उत्पत्ति ह्रास नियम लागु होता है और इसके अनुसार वो भविष्य मे खाद्य संकट और भुखमरी की चेतावनी विश्व को दे रहा था और माल्थस के अनुसार विश्व 18वी शताब्दी मे कृषि के अपने उच्च उत्पादन स्तर पर परन्तु वो कृषि मे होने वाले विकास जैसे हरित क्रांति, जैव तकनीकी का अंदेशा नही लगा पाया था जिनसे खाद्य उत्पादकता असिमित तोड़ कर उपलब्ध करवा दी गयी थी जो माल्थस के सोचने के दायरे से भी बाहर थे यह भारत के लिए सही है अगर हम देखे भारत विश्व की जनसंख्या मे दूसरा बड़ा देश होते हुए भी अकाल भुखमरी इत्यादि समस्याओ का समाधान निकाल पाया है।

→ माल्थस ने तकनीकी विकास की अपेक्षा की थी क्योंकि जन्म लेने वाला बच्चा अपने साथ केवल मुँह ही नही लाता है बल्कि दो हाथ भी लाता है।

प्रश्न संख्या (Question No.)

U.P.S.C.

इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)

ईसाई धर्म से

→ माल्थस जनसंख्या नियंत्रण के लिए दो प्रकार की नियंत्रण का बात करता है।

1. प्राकृतिक नियंत्रक जिन्हे सकारात्मक /(+)ve check / Misiery (कष्ट) की भी संज्ञा दी जाती है माल्थस के अनुसार जनसंख्या असंतुलन से मानव और प्रकृति के बीच सामंजस्यता नही रहेगी और प्राकृति, अकाल, भुखमरी, महामरी, चक्रवात, भुकम्प आदि आपदाओ से प्राकृतिक मे जनसंख्या को नियंत्रीत रखेगी परन्तु इसमे निम्नलिखित कमीयाँ है।

(a) यह विचारधारा नियतवादी है और मनुष्य की क्षमता पर संदेह रखती है मनुष्य ने तकनीक के आधार पर मनुष्य जाती को इन आपदाओ से बचाया है और यदि हम भारत की बात करे तो माल्थस के विचारधारा के अनुसार भारत मे अकाल, भुखमरी और महामारी से अधिक लोगो की मृत्यु होनी थी परन्तु 1950 के बाद भारत के राजनीतिक नेतृत्व तथा खाद्यान उपलब्धता के कारण हमने अकाल जैसी समस्याओ का हमने पूर्णतः निवारण कर लिया।

(b) → माल्थस के अनुसार गरीब समाज मे प्राकृतिक नियंत्रक प्रभावी होगे परन्तु इस विचार धारा से माल्थस का गरीबो के प्रति पूर्वाग्रह (से ग्रसित) छलकता है।

(2) कृत्रिम नियंत्रक /(-)ve check – कृत्रिम प्रबंधको मे आत्म संयम, ब्रह्मचर्य तथा वेश्यावृत्ति, सम लैंगिकता जैसी बुराईयो का माल्थस ने

GENERAL STUDIES HINDI

समर्थन किया है और यह नियंत्रण प्राकृतिक नियंत्रकों के मुकाबले कम प्रभावी होते हैं परन्तु माल्थस अपने धार्मिक विचारधाराओं के कारण चिकित्सकीय निरोधकों का विरोध किया था और वह जन्म नियंत्रण से संबंधित भविष्य में होने वाले (विकसित) नयी चिकित्सीय प्रणाली, सरकारी नीतियों का संदेश नहीं लगा पाया।

→ माल्थस की जो मान्यता थी आर्थिक सम्पन्नता या विकास के साथ जनसंख्या बढ़ेगी उसमें भी वो गलत था यदि हम भारत की बात करें तो जनसंख्या वृद्धि की उच्चतम दर 1963 में थी परन्तु उसके बाद जनसंख्या वृद्धि में लगातार ह्रास हुआ है। इसके विपरीत 1990 के बाद हमने अपनी अर्थव्यवस्था को हिन्दू वृद्धि दर (3.3) से मुक्ति दिलाकर इसे 6% की वृद्धि दर पर लेकर गये।

प्रासंगिकता / Revelance

→ माल्थस सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है और व्यापक आलोचना के बावजूद विश्व के अनेक देशों में जनसंख्या विस्फोट तथा उससे उत्पन्न होने वाली समस्याएँ इस सिद्धांत की व्यवहारिकता तथा समर्थता को पुष्ट करती हैं आज के समय की पर्यावरणीय तथा जलवायु परिवर्तन की जड़ें माल्थस की विचारधारा में समाहित हैं। इसी विचारधारा से प्रवाहित होकर पश्चात्य देशों में जनसंख्या नियंत्रण के लिए कृत्रिम निरोधों का प्रयोग चालू किया तथा इसमें इसके उपर शोध भी किया। माल्थस का विचारधारा आज के समय में नवमाल्थस वाद के रूप में पुनः उभरकर आयी है।

GENERAL STUDIES HINDI

1968 में ↑

तथा नये सिद्धांत जैसे 'Limits to growth' अतिविकास अतिरेकवादी विचारधारा इत्यादि माल्थस से ही प्रभावित है।

(Q) माल्थस की विचारधारा मे पारिस्थितिकी की झलक मिलती है। [15 Marks, 150 शब्द]

(Q) माल्थस के जनसंख्या सिद्धांत का विश्लेषण कीजिए तथा यह सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है।

(Q) माल्थस की विचारधारा पूँजीवाद से प्रभावित है [150]

कार्ल मार्क्स

हीगल - द्वंद्वात्मक भौतिकवाद / Dialectical Materialism

ऐतिहासिक भौतिकवाद / Historical "

↓

Primitive (आदिम)

↓

गुलामी

↓

सामंतवाद

↓

पूँजीवाद

↓

समाजवाद

↓

साम्यवाद

yin (+) Thesis — yin (−) antithesis

↘ ↙

synthesis

→ मार्क्स ने जनसंख्या संबंधी किसी सिद्धांत का अलग से प्रतिपादन नही किया था किन्तु उसकी पुस्तक "दास कैपिटल" मे साम्यवादी अर्थव्यवस्था के विवेचन मे जनसंख्या के संबंध मे जिन विचारों का विश्लेषण किया गया है उन्ही के आधार पर मार्क्स के जनसंख्या सिद्धांत की व्याख्या की जाती है।

मार्क्स सामूहिक उत्पादन प्रणाली मे कैसे

GENERAL STUDIES HINDI

परिवर्तन आता है और कैसे वह सामाजिक संरचना को प्रभावित करता है इसका अध्ययन कर रहे थे और इसी मे मार्क्स का जनसंख्या सिद्धांत झलकता है।

यह एक साम्यवादी सिद्धांत है जहाँ मार्क्स सुझाव देते है कि पूँजीवाद अपनी प्राकृतिक मौत मर जाएगा और वह एक ऐसे तंत्र की/से स्थापना होगा जहाँ उत्पादन प्रणाली समूह द्वारा नियंत्रित होगा और वह पहले समाजवाद और उसके बाद साम्यवाद की तरफ अग्रसर होगा।

→ कार्ल मार्क्स के अनुसार जनसंख्या वृद्धि का सिद्धांत अर्थव्यवस्था आर्थिक संक्रमण (Economic Transition) का सिद्धांत है और उनके जनसंख्या सिद्धांत को साम्यवाद के सिद्धांतो से समझ सकते है क्योंकि जनसंख्या और इससे संबंधित जनसांख्यिकी सामाजिक संरचना और सामाजिक हराटकी (Heirarchy) की झलक देते है। जो एक अर्थव्यवस्था मे स्थित है।

पूँजीवाद

अमिर / बुर्जुआ | सर्वहारा / गरीब

अमिर / बुर्जुआ ↓

बेरोजगारी → पूँजी → लाभ → श्रमिक → profit ↓

लागत ← मशीनकृत



सर्वहारा / गरीब → श्रमिक → हाथ → दो हाथ ↓ जनसंख्या → (↓ आय)

→ मार्क्स के अनुसार मानव के जनसंख्या वृद्धि सामाजिक संरचना और उसकी Heiracy मे परिवर्तन के वजह से है जिसमे समाज अमीर और गरीब मे विभाजित हो जाता है।

→ धनी वर्ग उत्पादनों का (संसाधनों) स्वामी होता है और अतिरेक मूल्य अर्जित करता है (surplus value) यह अतिरेक मूल्य इस वर्ग द्वारा पूँजी के रूप में संचित होता है जबकि दूसरी ओर निर्धन या सर्वहारा वर्ग है जिसकी सम्पत्ति श्रम है और वही उसका निवेश (investment) भी है अतः वह श्रम संचय (जनसंख्या वृद्धि) का प्रयास करता है मार्क्स के अनुसार -

I. पूँजीवादी अर्थव्यवस्था शोषण पर आधारित है जिससे धनिक वर्ग मजदूरों को कम मजदूरी देता है और मजदूरी में कटौती करके अपने लाभ को अधिकतम करने का प्रयास करता है और अधिकाधिक धन अर्जित करता है।

पूँजीवादी → कम मजदूरी → अतिरेक मूल्य → पूँजी / मशीन
↓
बेरोजगारी ← श्रमिक की छंटनी

II. श्रम वर्ग इस अर्थव्यवस्था में शोषण का शिकार होता है और इस वर्ग के लिए उसका कौशल केवल और केवल हाथ हैं वो ही उसकी पूँजी या सम्पत्ति हैं और उसे ही वो बढ़ाने की कोशिश करता है।

मजदूरों को कम मजदूरी → जीवन स्तर निम्न
↓
(कुचक्र) ← जनसंख्या वृद्धि
vicious cycle

III. कम मजदूरी के कारण श्रमिक वर्ग अपने हाथों को बढ़ाते ही रहता है बेरोजगारी बढ़ती है तो हाथ भी बढ़ते हैं और फिर वो बेरोजगारी को बढ़ाते हैं और यह कुचक्र चलता ही रहता है।

IV. मार्क्स ने इसके लिए समाधान साम्यवाद पर

GENERAL STUDIES HINDI

आधारित सामाजिक और आर्थिक संरचना को बताया है इस व्यवस्था मे उत्पादन के साधन सर्वहारा समाज द्वारा संचालित किये जाते है इस समाज मे आय वितरण की असमानताऐ दूर हो जायेगी और प्रति व्यक्ति आय मे वृद्धि होगी तथा सामान्य स्तर मे सुधार होगा जिससे बेरोजगारी की समस्या उत्पन्न नही होगी इससे जीवन स्तर और जीवन प्रणाली मे उत्थान होगा लोगो को स्वास्थ्य सुविधाये पाने के लिए पौष्टिक तत्व उपलब्ध होंगे जिसका परिणाम होगा मृत्यु दर मे कमी।

→ मार्क्स का यह कहना था कि पूँजीवादी समाज मे गरीबी होगी और जनसंख्या स्तर बढ़ेगा व्यवहारिक रूप से गलत था विश्व की कुछ महत्वपूर्ण पूँजीवादी अर्थव्यवस्थाये जैसे U.S, U.K, नार्वे, फिनलैण्ड, जर्मनी इत्यादि देशो मे अपने यहाँ जनसंख्या को नियंत्रित किया है. और अपने यहाँ श्रमिको को कानून के द्वारा अधिकार प्रदान किये है और उनके कल्याण के लिए कार्य किया।

→ द्वितीय विश्वयुद्ध के 50 साल के बाद भी जनसंख्या से संबंधित समस्याऐ समाजवादी तथा साम्यवादी अर्थव्यवस्थाओ मे अधिक है और पूँजीवादी अर्थ व्यवस्था की अपेक्षा साम्यवादी अर्थव्यवस्था मे गरीबी अधिक है।

→ वर्तमान जनसांख्यिकी के अनुसार गरीबी जनसंख्या वृद्धि के लिए जिम्मेदार है परन्तु उस अर्थ मे नही जैसा मार्क्स ने समझाया था अशिक्षा, लैंगिक अधिकार, स्वास्थ्य सेवाओ की सीमित पहुँच और इसकी उपलब्धता निरोधको

की उपयोग की जानकारी का अभाव इत्यादि गरीबी में पाई जाती और जिसके कारण गरीब व्यक्ति परिवार नियोजन पर ध्यान केन्द्रीत नही कर पाते है और जनसंख्या वृद्धि होती है इस तरह जनसंख्या वृद्धि की जड़े सामाजिक और आर्थिक गरीबी मे है जहाँ विकास के अवसर सीमित है।

→ यद्यपि मार्क्स की विचारधारा पूर्णतः सही नही है जिस तरह उसने गरीबी को जनसंख्या और समाज विभक्ति से जोड़ा था परन्तु मार्क्स ने जिस हिसाब से जनसंख्या और उसकी संख्या को संसाधन माना उसका श्रेय हमे मार्क्स को देना चाहिए जनसंख्या संबंधी समस्याओ को हल करने के पिए जिस हिसाब से आज की सरकारे मानव कल्याण की नीतियाँ बना रही है वो मार्क्स की विचारधारा से प्रभावित है।

माल्थस और मार्क्स मे अंतर

→ माल्थस के अनुसार मनुष्य प्रकृति के आगे विवश है और उसका नियतिवादी सिद्धांत प्रकृति के द्वारा नियंत्रित हो रहा है जबकी मार्क्स के अनुसार मानव बुद्धिजीवी है और प्रकृति पर नियंत्रण कर सकता है और अपना इतिहास खुद अंकित करता है।

→ माल्थस के अनुसार मनुष्य का काम वासना पर कोई नियंत्रण नही है और इससे संतानोत्पत्ति स्वभाविक है परन्तु मार्क्स के अनुसार मनुष्य बुद्धिजीवी है और कामवासना पर नियंत्रण कर सकता है उसके अनुसार श्रम संचय

जनसंख्या वृद्धि के लिए जिम्मेदार है।

→ माल्थस के अनुसार गरीबो में प्रजनन। काम-वासना से प्रेरित है और उनकी संतान प्रकृति पर एक भार होगी जबकि मार्क्स के अनुसार बच्चे उत्पादन वस्तु है और परिवार का जीवन स्तर बढ़ाने के लिए आवश्यक है।

→ माल्थस के अनुसार गरीब व्यक्ति जबकि मार्क्स के अनुसार अमीर व्यक्ति जनसंख्या वृद्धि के लिए जिम्मेदार है।

→ माल्थस के अनुसार खाद्यान का उत्पादन अंकगणितीय वृद्धि से बढ़ता है जबकि जनसंख्या ज्यामितीय गति से और इस कारण। खाद्यान और जनसंख्या अनुपात में असंतुलन होता है और मानव खाद्यानो का असीमित उत्पादन भी नही कर पाता जबकि मार्क्स के अनुसार मानव तकनीक के द्वारा खाद्यान का उत्पादन कर सकता है और भुखमरी का समस्या का निवारण कर सकता है।

→ माल्थस निराशावादी तथा मार्क्स आशावादी प्रवृत्ति के थे।

→ माल्थस गरीबो के कानून के खिलाफ था क्योंकि वो गरीबो को जनसंख्या वृद्धि के लिए जिम्मेदार मानता जबकि मार्क्स गरीबो के लिए जन कल्याण की नीति का पक्षधर था क्योंकि उसके अनुसार अमीर जनसंख्या वृद्धि के लिए जिम्मेदार है।

(Q) जनसंख्या पर मार्क्स का विचार अधिक मानवीय है।

(Q) जनसंख्या नियंत्रण के लिए मार्क्स का विचार ज्यादा व्यवहारिक है टिप्पणी कीजिए।

[150W]

GENERAL STUDIES HINDI

प्रश्न संख्या (Question No.)

U.P.S.C.

इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)

प्रवास और संचरण मे अंतर है।

Diffusion ↓ (विस्तार)

प्रवास

MIGRATION

→ सामान्यतः प्रवास का मतलब निवास स्थान को बदलते हुए एक भौगोलिक ईकाई से दूसरी ईकाई के लिए भौगोलिक गतिशीलता का एक रूप है। हर कोई संचरण (movement) प्रवास नही होता क्योंकि प्रवास का मतलब जनसंख्या की गतिशीलता के साथ उसकी भौगोलिक स्थिति मे परिवर्तन भी, निम्नलिखित संचलन प्रवास की श्रेणी मे नही आते।

→ पर्यटन

→ मौसमी प्रवास

→ Daily commuting (संचलन दैनिक)

→ sojourners / सोजोरनर्स [- मध्य पूर्वी एशिया मे बाहरी व्यक्तियो को नागरिकता का अधिकार नही दिया जाता भले हो वो 2 या 3 दशकु से वहाँ कार्य कर रहे हो। प्रथमतः यह शब्द HDR (Human Development Repot) 2009, के द्वारा दिया गया था। [Over comming barrier]

प्रसार कहा जाता है

प्रवास कारक / factor of migration

→ भौगोलिक

→ आर्थिक

→ राजनीतिक

→ सांस्कृतिक

प्रश्न संख्या (Question No.)

U.P.S.C.

इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)

i) ~~भौगोलिक या जलवायु~~ -

→ जनसंख्या स्थानांतरण के आकार, गति, एवं दिशा को दो विपरित गुणो वाली शक्तियाँ से नियंत्रित करती है जिन्हे आकर्षण शक्ति (PULL) तथा प्रतिकर्षण (PUSH) कहते हैं। तथा प्रवास को प्रभावित करने वाली कारको को हम निम्नलिखित वर्गों मे विभाजित कर सकते हैं।

(1) भौगोलिक या प्राकृतिक कारक - प्रवास के लिए अनुकूलतम जलवायु तथा भौगोलिक परिस्थितियाँ महत्वपूर्ण कारक है जो आकर्षण और प्रतिकर्षण दोनो की भूमिका अदा करते हैं। बाढ़, भूकम्प, ज्वालामुखी इत्यादि के वजह से लोगो का प्रवजन (out migration) होता है। जबकि मैदानी भू-भाग, पर्याप्त वर्षा वाले क्षेत्रों मे लोगो को आकर्षित करते हैं उदाहरणतः मानव की उत्पत्ति कुछ विद्वानो द्वारा अफ्रिका या मध्य एशिया मे मानी जाती है परन्तु जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक आपदाओ के कारण मानव का विस्तार विश्व के अन्य भू-भागो की तरफ हुआ।

GENERAL STUDIES HINDI

(2) आर्थिक कारक - जीवन स्तर की गुणवत्ता उच्च करने के लिए आर्थिक प्रक्रियाये मानव के लिए आवश्यक है अतः वो भू-भाग जो मानव के आर्थिक (विकल्पो) क्रियाओ को नई स्वतंत्रता तथा नया विकल्प प्रदान करते है. मानव उस क्षेत्र की तरफ प्रवासित होता है। HDR, 2009 के अनुसार प्रवास के समय मानव आशा और अनिश्चितताओ मे यात्रा करता है परन्तु वो हमेशा आश्वासित रहता है कि गंतव्य

प्रश्न संख्या (Question No.)

U.P.S.C.

इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)

स्थान उसके जीवन को नई राह प्रदान करेगा। और इसलिए वो प्रवास करता है आर्थिक कारको मे महत्वपूर्ण कारक भौगोलिक स्थितियो से निर्धारित होते है। जैसे - उच्च कृषि भूमि वाले क्षेत्र जहाँ मानव खाद्यान्न का उत्पादन करके अपने जीवन स्तर की गुणवत्ता को बढ़ा सकता है। इसी मे ग्रामीण इलाको से शहर की तरफ प्रवास इसलिए होता है कि शहरो मे आर्थिक अवसरो की उपलब्धता अत्याधिक है और इसी लिए बड़े शहर लोगो के आकर्षण का केन्द्र है।

③ राजनीतिक कारक - राज्य विस्तार की इच्छा, उपनिवेश नीति, राज्य की नीतियाँ इत्यादि भी प्रवास की धारा को प्रभावित करती है।

तुर्क, अफगानो लोगो के द्वारा राज्य विस्तार किया जाता था।

④ सांस्कृतिक कारक - सामाजिक प्रथाये, मान्यताये एवं धार्मिक संकट आदि प्रवास को प्रभावित या नियंत्रित करते है। जैसे-भारत मे महिलाओ का प्रवास मुख्यत: विवाह के कारण होता है, विकासशील देशो मे निम्न स्तर के लोगो मे गतिशीलता अधिक है क्योंकि उनके पास स्थायी संपत्तियो की कमी है।, धार्मिक संकट एवं धर्म के नाम पर

⑤ लोगो पर अत्याचार, यह भी लोगो के प्रवास को प्रभावित करता है जैसे भूतकाल मे यहूदीयो का प्रवास (मेसोपोटामिया), रोहिंग्यो (Rakhin) का प्रवास, कश्मीरीयाँ (पंडित) का प्रवास,

प्रश्न संख्या (Question No.)

U.P.S.C.

इस भाग में कुछ न लिखें (Don't write anything in this part)

अंतर्राष्ट्रीय प्रवास की महत्वपूर्ण घटनाये :

सबसे पहले आयरलैण्ड, फ्रांस से आया था

कोलम्बिया - ईकाज

U.S.A - Red Indian / Native America



आयरलैण्ड ↓ आस्ट्रेलिया लोग

ईसाई → कैथोलिक → प्रोटेस्टेंट

दास प्रथा

→ Mestizo

→ Mulatto

→ Mamlo

(14-18 वी)

1873 - दास प्रथा पर प्रतिबंध

(14-18 वी)

→ मानव की उत्पत्ति संभवतः मध्य एशिया या अफ्रीका मे हुई वहाँ से आदि मानवो का विश्व मे प्रवास हुआ परन्तु इस तरह के प्रवास को प्रसार (Diffusion) के तौर पर वर्गीकृत किया जाता है क्योंकि यह संचरन (Moment) प्रवास के मुकाबले धीरे होता है।

⇒ यूरोपियन प्रवास (14-18 वी) → 4-5 शताब्दी

पूर्व प्रवास चालू हुआ जिसमे यूरोपियन जातियो का उत्प्रवास हुआ था और यह प्रवास पश्चिम की तरफ था इस तरह के प्रवास से स्थानीय लोगो का स्थानापन्न हुआ और उनकी सभ्यता का उन्मूलन हो गया इस तरह का प्रवास नये विश्व की खोज तथा उसी समय सामुद्रिक प्रतिस्पर्धा की वजह से संभव हो सका जहाँ राज्यो ने इस तरह के प्रवास को प्रोत्साहित किया इस प्रवास की धारा से कई नकारात्मक प्रभाव हुये। और

GENERAL STUDIES HINDI

उत्तरी अमेरिका और लैटिन अमेरिका मे कई जातियों का विनाश हो गया उदाहरण स्वरूप स्थानीय अमेरिकन जनसंख्या जो पहले 100 million के आस पास थी वो प्रवास के वर्षों मे 8 million ही रह गयी, कोलम्बिया की ईकाज जनजातियाँ सोलहवी (16वी) शताब्दी मे बहुत ही ज्यादा संकुचित हो गयी और वही कनाडा में इनुत (Inuit) जो 15वी शताब्दी मे 2 million के आसपास थे 19वी शताब्दी मे इनकी संख्या मात्र 5 लाख रह गयी,

⇒ सांस्कृतिक प्रभाव - यूरोपियन प्रवास की वजह से सांस्कृतिक समायोजन (cultural intermixing) की वजह से कई मिश्रित जातियो की उत्पत्ति हुई जिनमे मेस्टिजो (इंग्लिश + स्थानीय अमेरिकन), मुलाटोस (इंग्लिश + अफ्रीकन), जेम्बो (अफ्रिकन + स्थानीय अमेरिकन)

⇒ अफ्रीका का प्रवास -

Slave trade (दास प्रथा)

18वी शताब्दी ~~[illegible]~~ से पहले यूरोपियन प्रवास पश्चिम की ओर हुआ और यह प्रवास अपने आप दास प्रथा जैसी कुप्रथा लेकर आया जिसमे आफ्रीका से दासो को लैटिन अमेरिका और कैरेबियन द्वीप समूहो मे बेचा जाता था जहाँ से उनके बदले रबड़ और चीनी की आपूर्ति यूरोप मे की जाती थी और यूरोप से पक्का माल अफ्रीका मे बेचा जाता था और उस विक्रय के बदले दासो की खरीद - बिक्री की जाती थी।

(फ़ोटोस्टेट)

Indentured Labour
- अनुबंध



→ 18वीं शताब्दी के बाद यूरोपीयन का विस्तार पूर्व की तरफ हुआ। अब स्वेज नहर की वजह से पूर्व में गमन आसान हो गया और यूरोपियन लोगों का संचरन दक्षिण अफ्रीका, **दक्षिणी-पूर्वी** एशिया, आस्ट्रेलिया के तटीय क्षेत्रों की तरफ हुआ। यह प्रवास यूरोप में होने वाली औद्योगिक क्रांति के समकालिन था तथा इन नये क्षेत्रों में खनन करने, **कृषि** उत्पादन करने इत्यादि के लिए उन्होंने दास प्रथा की समाप्ती के बाद बंधुआ मजदूरी का **सृजन** किया जिसमें एशियाई मूल के लोगों का प्रवास हुआ यह प्रवास स्वैच्छिक था और मुख्यतः यह दक्षिणी पूर्वी एशिया, **अफ्रीका** और ऑस्ट्रेलिया की तरफ था

गुजराती लोग - अफ्रीका, तंजानिया

बिहार, U.P - द० पूर्व एशिया, प्रशांत

→ → 20वीं शताब्दी में प्रवास - 20वीं शताब्दी के ~~स्वतन्त्र~~ में जो प्रवास हुआ वो **मुख्यतः पहले** पूर्वार्द्ध

के प्रवासो से विभिन्न था इसमे राजनीतिक कारक महत्वपूर्ण थे जबकि 20 वी शताब्दी के पूर्वार्द्ध तथा 21 वी शताब्दी मे आर्थिक कारक अधिक प्रभावित हुआ।

→ हिटलर यहुदीयो को खत्म करना चाहता था

20वी शताब्दी का महत्वपूर्ण प्रवास

→ हिटलर के समय 1933 से 1943 के बीच यहुदीयो का प्रवास हुआ और यह मुख्यतः युरोप, अमेरिका, जर्मन की तरफ हुआ

→ ईजराइल की वजह से जर्मन और अरब लोगो का प्रवास हुआ।

→ 1947 मे भारत पाकिस्तान बटवारा के वजह से एक ही बार मे 65 million लोगो का प्रवास हुआ।

→ U.S.S.R का प्रवास और विघटन - U.S.S.R के विघटन से स्लाव जनसंख्या का प्रवास पुनः उनके स्थानीय क्षेत्रो की तरफ हुआ इसे अल्पावा U.S.S.R के विघटन और युरोपीय यूनियन (E.U) के स्थायीत्व के कारण भी बहुत से जनसंख्या पूर्व से पश्चिम की तरह प्रवासित हुई जर्मनी के एकीकरण (1990) के बाद बहुत से लोगो पूर्व जर्मनी से पश्चिम जर्मनी की तरफ प्रवासित हुई।

(स्लाव)

⇒ अफ्रीका का प्रवास - यह मुख्यतः चार क्षेत्रो मे हुआ है अंगोला और रवाडा मे, साहेल क्षेत्र मे जो सुखा प्रभावित क्षेत्र है जो दुर्भिक्ष या अकाल सामान्य है, दक्षिण अफ्रीका के लोगो का Apartheid (अपारथाईड) कार्यकाल

GENERAL STUDIES HINDI

मे प्रवास और वितरण। तथा अपारथाईड के विघटन के बाद दक्षिण अफ्रीका से यूरोपियन लोगों का प्रवास , कांगो जहाँ जनजातियाँ संसाधनों के लिए लड़ती झगड़ती रहती हैं।

~~२०वी शताब्दी मे प्रवास~~ -

भारत और चीन -



SWF - Sovereign (सम्प्रभुता) wealth fund

अलवर जिला निमराणा - जापानी project लगा रहा है।

→ भारत से 1960 मे तथा उसके बाद सेवा के क्षेत्र मे प्रवास अधिक हुआ है इसमे मुख्यतः डॉक्टर, नर्से शामिल है जो यूरोप की तरफ प्रवासित हुए हैं जबकि इंजिनियर्स का प्रवास अमेरिका की तरफ हुआ है। 1980 के बाद computer क्रांति के कारण software engineers का प्रवास U.S की तरफ अधिक हुआ है। उसके बाद उच्च शिक्षा के लिए कनाडा और आस्ट्रेलिया भी प्रवास के गंतव्य स्थान बनके उभरे हैं हालांकि हरित क्रांति के बाद पंजाबी लोगों का उत्प्रवास टोरंटो और मॉन्ट्रियाल की तरफ हुआ था और यह धारा अभी भी बनी हुई है।

GENERAL STUDIES HINDI

२१वी शताब्दी मे प्रवास

- → ईरान- इराक से शरणार्थियों का प्रवास
- → spring revolution/orange revolution (लिबिया मे हुआ था) के बाद उत्तरी अफ्रीका से यूरोप की तरफ [2011-12] गद्दाफी मारा गया था.
- → सीरिया से जर्मनी (यूरोप)
- → यमन से यूरोप
- → (कुर्द) लोगों का पश्चिम की तरफ प्रवास — टर्की और ईरान Border.

प्रश्न संख्या (Question No.)

U.P.S.C.

